# महत्वपूर्ण एवं खास

## अवैध धान के आवक एवं परिवहन पर रोक के नियंत्रण हेतु उड़नदस्ता दल गठित

रायगढ़। कलेक्टर रायगढ़ ने अवैध धान के आवक, परिवहन पर रोक के नियंत्रण, बिचौलियों एवं कोचियों की जांच हेतु एवं उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी राज्यों से धान लाकर सीमावर्ती धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय को रोकने हेतु विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों-कर्मचारियों को उड़नदस्ता दल/ चेकिंग दल गठित किया है।

विकास खण्डवार उडन् दस्ता दल गठित दल में रायगढ़ विकासखण्ड के लिए एसडीएम रायगढ़ भागवत जायसवाल, तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, सहायक खाद्य अधिकारी संतोष दुबे, खाद्य निरीक्षक तरूण कुमार नायक, सहकारिता विभाग के एस.बी.बड़ा, मंडी निरीक्षक रमेश कुमार गुप्ता शामिल है। विकासखण्ड पुसौर के लिए एसडीएम भागवत जायसवाल, प्रभारी तहसीलदार बंदेराम भगत, खाद्य निरीक्षक राजन कश्यप, सहकारिता विभाग के एच.आर. नागवंशी एवं मंडी निरीक्षक दिलीप कुमार गुप्ता, विकासखण्ड बरमकेला के लिए एसडीएम हितेश कुमार बघेल, तहसीलदार गोविन्द प्रसाद डहरिया, खाद्य निरीक्षक विरेन्द्र पंकज पोर्ते, सहकारिता विभाग के के.आर.देवांगन एवं उप मंडी निरीक्षक पदमलोचन पटेल, विकासखण्ड सारंगढ़ के लिए एसडीएम हितेश कुमार बघेल, तहसीलदार सतीश कुमार रामटेके, सहायक खाद्य अधिकारी मायाराम कुर्रे, सहकारिता विभाग के आर.पी.कुर्रे एवं मंडी निरीक्षक लालमणी चन्द्रा, विकासखण्ड घरघोड़ा के लिए एसडीएम अशोक कुमार मार्बल, तहसीलदार आशीष कुमार सक्सेना, सहायक खाद्य अधिकारी संदीप कुमार भगत, सहकारिता निरीक्षक जुनास मिंज, मंडी निरीक्षक रामावतार दुबे, विकासखण्ड खरसिया के लिए एसडीएम गिरीश रामटेके, तहसीलदार अवंती गुप्ता, सहायक खाद्य अधिकारी कौशल किशोर साहू, खाद्य निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार एक्का, सहकारिता विभाग के एम.एल.अनंत एवं मंडी निरीक्षक शोभाराम पटेल, विकासखण्ड तमनार के लिए एसडीएम अशोक कुमार मार्बल, प्र.तहसीलदार तीरथ राम कश्यप, खाद्य निरीक्षक सुश्री वर्षा चौहान, सहकारिता विभाग के पी.व्ही.नायक एवं मंडी निरीक्षक टिकेश्वर प्रसाद चौधरी, विकासखण्ड धरमजयगढ़ के लिए एसडीएम नंदकुमार चौबे, नायब तहसीलदार उमेश्वर बाज, सहायक खाद्य अधिकारी शिवेन्द्र बहादुर कामठे, खाद्य निरीक्षक विक्रान्त कुमार अंचल, सहकारिता विभाग के आर.एस.आर. भगत एवं मंडी निरीक्षक नारायण दास महंत एवं विकासखण्ड लैलूंगा के लिए एसडीएम अभिषेक गुप्ता, नायब तहसीलदार सुश्री शिवानी जायसवाल, खाद्य निरीक्षक मनोज कुमार सारथी, सहकारिता विभाग के आर.ए.चौबे एवं मंडी निरीक्षक रामावतार दुबे शामिल हैं।

## निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए प्रशिक्षण आयोजित

रायगढ़। विधानसभा सभा निर्वाचन के संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से आज सभाकक्ष में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ तथा निर्वाचन से संबंधित अन्य अधिकारियों के लिए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक कोषालय अधिकारी श्री विनोद बहिदार ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961, आयोग के अनुदेश, भारतीय दण्ड संहिता 1860 एवं आयकर विधियों में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के लिए प्रत्याशी के व्यय की अधिकतम सीमा 28 लाख एवं लोक सभा निर्वाचन के लिए 70 लाख व्यय की सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशी यदि व्यय लेखा जमा नहीं करते है तो भारतीय दण्ड संहिता के अनुसार उन पर कार्यवाही की जाएगी। सहायक कोषालय अधिकारी श्री विनोद बहिदार ने बताया कि वैध खर्चों में प्रत्याशी के द्वारा बैनर पोस्टर एवं जनसामान्य के साथ बैठक एवं प्रचार-प्रसार शामिल है। वहीं अवैध खर्चे में शराब व राशि का वितरण एवं किसी भी प्रकार के उपहारों का वितरण प्रतिबंधित है।

## जप्त मोबाइल के मालिकाना हक हेतु 10 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

रायगढ़। रायगढ़ जिले के छाल, धरमजयगढ़ एवं कापू अंतर्गत 151 मोबाईल जो कि लावारिश हालत में संबंधित थाना में रखा गया है। उक्त मोबाइल जिस किसी भी व्यक्ति के नाम हो तो मोबाइल स्वामी अपने रजिस्ट्रेशन पत्रक के साथ 10 अक्टूबर तक अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय धरमजयगढ़ में कार्यालयीन समय में आकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि तक मोबाइल के मालिकाना हक से संबंधित किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति नहीं पाए जाने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## रायगढ़ जिले में 124 वोटर 100 साल के पार

रायगढ़। जिले में इस बार 10 लाख 85 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सबसे खास बात ये है कि इस बार जिले में 1 लाख नए वोटर जुड़े हैं। जिले में जहां 56 फीसदी वोटर युवा हैं तो वहीं महिला मतदाताओं की संख्या भी अधिक है। इतना ही नहीं 124 मतदाता ऐसे हैं जिनकी उम्र 100 से अधिक है। जिला प्रशासन का दावा है कि इस बार मतदान का प्रतिशत भी बीते चुनाव की अपेक्षा अधिक होगा।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने जिले में मतदाताओं की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया है।

आंकड़ों के मुताबिक इस बार जिले में 10 लाख 85 हजार 620 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## बिजली चोरी के मामले में आरोपी को 4 माह सजा

रायगढ़। रायगढ़ के विशेष न्यायाधीश विजय कुमार होता ने बिजली चोरी के मामले में आज एक अहम फैसला सुनाते हुए दोषी को 4 माह



कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना 1 अगस्त 2011 की है। घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र के कुडुमकेला की है। आरोपी का नाम लक्ष्मण सिंह ठाकुर 36 वर्ष है। आरोपी ने विभाग को बिजली चोरी कर 1 लाख 2 हजार रुपए 183 रुपए का नुकसान पहुंचाया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आरोपी को बिजली चोरी मामले में दोषी पाया, जिसके बाद दोषी को 4 माह की कारावास की सजा सुनाई गई है।

# ठगी करने व उनका साथ देने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

## तथाकथित एनजीओ के कर्मचारी के साथ पूजापाठ की दुकान में छापा मारने का मामला

रायगढ़। पिछले दिनों रायगढ़ वन मंडल में मेनका फाउंडेशन एनजीओ के नाम को लेकर दो लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को झांसे में लेते हुए शहर के तीन पूजा पाठ की दुकानों पर दबिश दिया और यहां से कुछ संभावित वन्यप्राणी संबंधी अवशेषों को लेकर कार्रवाई का डर दिखाकर लाखों रुपए की ठगी कर फरार हो गए थे। इस मामले में रायगढ़ वन मंडल व विभाग के उच्चाधिकारियों पूरे शहर भर में खूब किरकिरी हुई। वहीं अब इस मामले में ठगी करने वाले व पूजा पाठ की दुकान में छापा मारने के दौरान सहयोग करने वाले वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिला सेव फारेस्ट के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सहित मेनका गांधी को पत्र लिखा है।



जिला सेव फारेस्ट समिति द्वारा भेजे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि 24 सितबंर को दीपक दलाल नामक व एक अन्य व्यक्ति मेनका गांधी फाउंडेशन की तरफ से खुद को होना बता कर पीसीसीएफ वन्यप्राणी कौशलेन्द्र सिंह द्वारा भेजे जाने की बात कहकर वनमंडलाधिकारी से मुलाकात किए और उन्हें जानकारी दी कि शहर के कुछ व्यवसायी वन्यप्राणी के अवशेष का कारोबार कर रहे हैं। इन्हें तत्काल जब्ती की कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार करना है। इसके बाद डीएफओ ने बिना लिखित शिकायत पत्र लिए एसडीओ एनआर खूंटे व एक एसडीओ को तथा कथित एनजीओ के व्यक्तियों के साथ व्यवसायियों की दुकान में बिना सर्च वारंट के छापामारी कार्रवाई करने व गिरफ्तार करने भेज दिया गया। इसके बाद यहां से मोर पंख, चंदन लकड़ी सहित अन्य सामानों को जब्त करते हुए व्यवसायी अविनाश अग्रवाल, संत अग्रवाल व सजंय अग्रवाल को बलात गाड़ियों में बैठाकर वन मंडल कार्यालय ले आए और डीएफओ चेंबर में ही कार्रवाई करना शुरू कर दिया। इसके बाद तथाकथित एनजीओ के दीपक ने व्यवसायियों को कार्रवाई के नाम पर डाराना शुरू कर दिया और बताया कि इस मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी और इसमें सात वर्ष का कारावास व पचास हजार रुपए जुर्माना है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में यह भी उल्लेख है कि जब तथाकथित एनजीओ का दीपक व्यवसायियों को आतंकित कर रहा था, तो एसडीओ एनआर खूंटे भी उनका साथ देते रहे। इसके कुछ देर बाद इस मामले में लेन देन का दौर शुरू हुआ और सूत्र बताते हैं कि तीन लाख में सौदा तय हुआ है। इसके बाद करीब दो लाख रुपए लेकर एनजीओ का व्यक्ति रात में ही वहां से चले गया और शेष एक लाख रकम वन विभाग के अधिकारी पास होने की बात कही जा रही है। फिलहाल मामले में मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए घटना की जांच कर ठगी कराने वाले एवं ठगी में सहयोग देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# निगम से जुड़े नए गांव तरस रहे बुनियादी सुविधाओं को

## विकास की बाट जोह रहे नए वार्डवासी

रायगढ़। नगर पालिक निगम की परिसीमन सीमा में एक दर्जन से भी अधिक नए गांव जुड़ने के बाद भी विधिवत उन गांव को नगर निगम में शामिल नहीं किया गया है। जिसके चलते सड़क, बिजली व पानी सहित कई बुनियादी सुविधाओं का लाभ नए गांव को नहीं मिल पा रहा है। इस मामले में निगम के सभापति सलीम नियारिया का आरोप है कि सरकार ने अपनी घोषणा के अनुरूप निगम ने नए गांव को शामिल तो कर दिया है, पर आज भी विकास कार्यों के लिए वहां के लोग बाट जोह रहे हैं।



उनका कहना है कि इस मामले में निगम के पास जिला प्रशासन से जो आदेश आना चाहिए था वह नहीं आया है और इस कारण कोई भी बजट नए गांव के लिए जारी नहीं हो पा रहा है। हमने जब निगम आयुक्त विनोद पांडे से बात की, तो उनका कहना है कि परिसीमन की घोषणा होने के बाद संबंधित गांव में जो भी विकास कार्य किए जाने हैं व किए जाएंगे इसके लिए अनुमति का इंतजार नहीं है।

फिर भी अगर कोई नियम के चलते अड़चन आती है तो उसे दूर करने की पहल की जाएगी।

# खरसिया स्टेशन में खुलेगा आरपीएफ चौकी

रायगढ़। रायगढ़ परिक्षेत्र में रेल संपत्ति से जुड़े अपराध के बढ़ते ग्राफ पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय आरपीएफ पोस्ट द्वारा एक नई पहल की जा रही है। जिसके तहत खरसिया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की नई चौकी बनाने की तैयारी है। जिसका प्रस्ताव बना कर बिलासपुर डिवीजन को भेजा जा चुका है। जानकारों की माने तो 13 अधिकारी व जवानों की इस चौकी के स्थापना को लेकर डिवीजन के आला अधिकारी, पिछले दिनों खरसिया रेलवे स्टेशन का दौरा भी कर चुके हैं। विदित हो कि रायगढ़ आरपीएफ का क्षेत्र, जामगांव से सक्ति रेलवे स्टेशन के आउटर तक आता है। करीब 68 कि.मी के इस व्यापक क्षेत्र व दूरी को ध्यान में रखते हुए यह पहल की जा रही है। जिससे नियंत्रण करने व समय से पहुंचने में आसानी हो।



अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो नए साल में खरसिया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की चौकी स्थापित हो जाएगी। जिसकी कवायद युद्ध स्तर पर शुरु हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ आरपीएफ पोस्ट का रेल परिक्षेत्र, जामगांव से सक्ती रेलवे स्टेशन का आउटर फाटक टेरम तक है। करीब 68 कि.मी के इस व्यापक क्षेत्र पर नियंत्रण रखने व किसी अनहोनी वारदात की स्थिति में तत्काल पहुंचने में स्थानीय आरपीएफ टीम को काफी दिक्कत होती है। कभी-कभी तो मामला पूरा खत्म होने के बाद टीम पहुंचती है। हाल के दिनों में खरसिया व उसके आसपास के क्षेत्रों में रेल अपराध में बढ़ोतरी भी दर्ज की गई है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ आरपीएफ पोस्ट द्वारा खरसिया रेलवे स्टेशन पर चौकी खोलने का प्रस्ताव बना कर भेजा है। जिसमें एक एसआई, 2 एएसआई, 2 हवलदार के अलावा 8 आरक्षक की एक टीम बनाने का उल्लेख भी किया गया है। सूत्रों की माने तो खरसिया में आरपीएफ की चौकी बनाने को लेकर भेजे गए प्रस्ताव पर बिलासपुर डिवीजन के वरिष्ठ आरपीएफ अधिकारी, स्थल निरीक्षण की औपचारिकता भी पूरी कर चुके हैं। जिससे खरसिया में आरपीएफ की चौकी बनना तय माना जा रहा है।

# किराना दुकान संचालक की संदिग्ध मौत

## पुलिस पर परिजनों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

रायगढ़। बजरंग पारा निवासी मुन्ना यादव को उसके घर पुलिस का आ धमकना इतना नागवार गुजरा कि उसकी जीवन लीला ही समाप्त हो गई। इससे पहले भी एक मामले में पुलिस उसके घर आई थी और उसके लड़के को परेशान कर रही थी। यह आरोप मृतक मुना यादव के परिजन लगा रहे हैं।



बैकुंठपुर बजरंगपारा निवासी मृतक मुन्ना किराना दुकान का संचालन करता था। उसका एक बेटा राज भी उसके काम में हाथ बटाता था। एक दिन एक लड़की ने राज के खिलाफ शिकायत किया कि उसने उसे हाय बोला। इसके बाद पुलिस उसके घर आयी लेकिन राज उसे नहीं मिला। पुलिस ने पुलिसिया अंदाज में जमकर गालियां दी।

हालांकि बाद में मामला आपसी सुलह से निबट गया। लेकिन बुधवार की रात कोतवाली पुलिस के दो जवान फिर उसके घर आ धमके और उसपर शराब बेचने का आरोप लगाने लगे, इस बार भी पुलिस अपने अंदाज में उसे खरी खोटी सुनाई और कल थाना आने कहा, लेकिन परिवार वालों के अनुसार वह इसे सहन नहीं कर सका और उसकी मौत हो गई।

# चोरी की बाईक व मोबाईल के साथ युवक गिरफ्तार



रायगढ़। घरघोड़ा थाने की पुलिस टीम ने कल चोरी की मोटर सायकलव मोबाईल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी राजकुमार राठिया पिता मंगल सिंह राठिया निवासी झरियापाली थाना घरघोड़ा द्वारा टीआरएन एनर्जी नवापारा टेण्डा में काम करने वाले प्रहलाद मोहंती निवासी भद्रापारा बालको कोरबा की बजाज प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एम 4076 11 मार्च की रात्रि चोरी किया था तथा TRN कम्पनी में काम करने वाले पुरूषोतम गुप्ता के घर से 18 जुलाई की रात्रि मोबाईल, पर्स व कपड़े चोरी किया था ।

आरोपी की पतासाजी की जा रही थी कि मुखबिर सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसके मेमोरेण्डम पर मोबाईल, मोटर सायकल, पर्स व हेलमेट बरामद कर आरोपी को रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# जिले को विकास की दिशा में आगे बढ़ायेंगे - विष्णु साय

## जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक आयोजित



रायगढ़। केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज सृजन सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बैठक में सभी केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में सार्थक चर्चा हो रही है। कलेक्टर के नेतृत्व में एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिले में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि केन्द्र शासन की कल्याणकारी योजनाओं का जिले में बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में सर्वाधिक आवास बनाने की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सारंगढ़ विकासखण्ड को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जिसके लिए जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है, जिससे जिले को विकास की दिशा में आगे बढ़ायेंगे। इस अवसर पर विधायक सारंगढ़, जिला पंचायत अध्यक्ष अजेश पुरूषोत्तम अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भगत, सांसद प्रतिनिधि अरविंद हरिप्रिया, आलोक सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## युवा सहयोग समिति के सदस्यों ने किया रक्तदान

रायगढ़। शहर की सामाजिक संस्था युवा सहयोग समिति की खासियत है कि समिति के सभी सदस्यगण अनेक सामाजिक जनहित के कार्यों में अपना बहुमूल्य योगदान देकर अपनी पहचान तो बनाए हैं साथ ही मरीजों के जान की हिफाजत के लिए नेक कार्य विगत छह वर्षो से निरंतर करते आ रहे हैं जिससे अब तक समाज के हजारों मरीजों को नवजीवन मिला है और समयानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान जागरूकता का संदेश समाज को भी देते हैं वहीं समिति की इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए सामाजिक संस्था युवा सहयोग समिति के सदस्यों ने समिति प्रमुख व नामचीन युवा सक्रिय नेता सामाजिक कार्यकर्ता सूरज शर्मा के विशेष मार्गदर्शन में समिति के दो प्रमुख सदस्य संजीव सिंह और अभिलाष कछवाहा ने दो अलग अलग व्यक्तियों को रक्त दान कर उनकी मदद की जिससे मरीज को नव जीवन मिला वहीं समिति के इन दोनों सदस्यों की शहरवासियों ने बेहद सराहना की।

# कांग्रेसियों ने निकाली बाइक रैली, आमजन की मांगों को लेकर उठाया आवाज

रायगढ़। धर्मजयगढ़ नगर के विभिन्न मुद्दों को लेकर विधायक लालजीत सिंह राठिया के दिशा निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनदीप सिंह कोमल, युवा कांग्रेस जिला सचिव प्रदीप विश्वास विकल एवं एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष अमित आनंद के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक रैली निकाल कर सोई हुई नगर पंचायत एवं राज्य की सोई हुई सरकार को जगाने के उद्देश्य से एवं अन्य कई मुद्दों को लेकर भारी जन बल एवं युवा बल के साथ बाइक रैली के माध्यम से अपना आवाज इस सरकार तक पहुंचाने के लिए निकली 7 इस रैली में सभी कार्यकर्ता जोश से लबालब नजर आए। लालजीत भैया जिंदाबाद के लगे नारे। अपनी मांगों में मुख्य रूप सेमुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व जिस मद कॉलेज के सामने के रोड का जीर्णोद्धार हुआ उसी मद से धर्मजयगढ़ घाटी मार्ग से लेकर सिसरिंगा मंदिर तक के सड़क का डामरीकरण किया जाए, धर्मजयगढ़ सिविल अस्पताल में महिला एवं बच्चों की डॉक्टर की तत्काल व्यवस्था की जाए, धर्मजयगढ़ उद्यान का सुंदरीकरण किया जाए एवं आम जनों हेतु खोला जाए, धर्मजयगढ़ कॉलोनी में बनी पानी टंकी में हुए भ्रष्टाचार की जांच की जाए, धर्मजयगढ़ के साप्ताहिक बाजार क्षेत्र में सीसी रोड का निर्माण पेयजल की व्यवस्था एवं अतिरिक्त सेड की व्यवस्था की।